4	Net profit/(loss) for the period/year (after tax and exceptional item#)	7,097.42	14,916.16	4,129.34	(46,768.59)	6,209.73	12,670.51	3,834.57	(38,293.78)
5	Total Comprehensive Income/(Loss) for the period/year [Comprising Profit/(Loss) for the period/year (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	7,052.49	14,826.31	4,121.71	(46,931.95)	6,156.07	12,563.19	3,826.46	(38,487.61)
6	Equity share capital (Face value Re. 1/- per share)	2,065.01	2,065.01	2,065.01	2,065.01	2,065.01	2,065.01	2,065.01	2,065.01
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet				353,219.67				353,979.68
8	Basic and Diluted earnings/(loss) per equity share (Face value of Re. 1 each share) (Rs.) ##	3.43	7.22	2.00	(22.65)	3.01	6.14	1.85	(18.54)

Notes to financial results:

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the Stock Exchange websites: www.bseindia.com and www.nseindia.com, and on the Company's website: www.rhimagnesitaindia.com. The same can be accessed by scanning the QR code provided below.
2. # Exception item adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.
3. ## EPS is not annualised for the quarters ended September 30, 2026, September 30, 2025 and half year ended September 30, 2026.
4. Dividend of Rs. 2.50 per equity share (250% on equity shares of par value of Re. 1 per share) has been approved by the shareholders of the Company in the Annual General Meeting held on September 29, 2026

For and on behalf of the Board of Directors
RHI Magnesita India Limited
Sd/-
Pankaj Malhan
Managing Director & CEO
(DIN - 08516185)

Place: Gurugram
Date: November 13, 2026

INDIA GLYCOLS LIMITED

Regd. Office: A-1, Industrial Area, Bazpur Road, Kashipur - 244 713, Distt. Udham Singh Nagar (Uttarakhand)
Phones: +91 5947 269000/269500; **Fax:** +91 5947 275315/269535
Email: compliance.officer@indiaglycols.com, **Website:** www.indiaglycols.com • **CIN:** L24111UR1983PLC009097

Unaudited Financial Results for the Quarter and Half year ended September 30, 2026

(₹ In Crore, except as stated)

Sl. No.	Particulars	STANDALONE						CONSOLIDATED					
		Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2026 (Unaudited)	30.06.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.06.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	30.09.2026 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.03.2026 (Audited)
1	Total income from operations	358.51	355.01	2,412.88	713.52	4,917.31	9,869.71	362.75	357.45	2,414.57	720.20	4,919.09	9,831.56
2	Profit before Interest, depreciation and Tax (EBDITA)	39.34	40.21	160.25	79.55	309.51	690.09	39.14	39.86	159.81	79.00	310.85	654.18
3	Net profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or extraordinary items)	15.25	16.54	72.49	31.79	142.62	367.53	15.06	16.18	72.05	31.24	143.96	331.62
4	Net profit/ (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/ or extraordinary items)	15.25	16.54	72.49	31.79	142.62	366.70	15.06	16.18	72.05	31.24	143.96	331.62
5	Net profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or extraordinary items)	11.24	12.35	53.94	23.59	106.79	282.33	23.69	32.59	65.06	56.28	138.31	292.76
6	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)]	11.14	12.24	53.76	23.38	106.42	280.63	23.73	32.52	64.92	56.25	137.74	291.14
7	Equity Share Capital	33.51	33.51	30.96	33.51	30.96	33.51	33.51	33.51	30.96	33.51	30.96	33.51
8	Other Equity as shown in the Audited Balance Sheet	-	-	-	-	-	2,503.93	-	-	-	-	-	2,899.27
9	Earnings Per Share (of ₹ 5/- each) (Not Annualised) - Basic & Diluted (In ₹)	1.68	1.84	8.71	3.52	17.25	44.31	3.53	4.86	10.51	8.40	22.34	45.95

Note:

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Half Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Half Yearly Financial Results are available on the Stock Exchanges Websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website (www.indiaglycols.com)

for INDIA GLYCOLS LIMITED
Sd/-
U.S. BHARTIA
Chairman and Managing Director
DIN: 00063091

Place : Noida
Date : 13th November, 2026

उत्तराखण्ड में एसएसआर शुरू ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित

11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय

4 जनवरी 2027 को किया जाएगा सूची का अन्तिम प्रकाशन

उत्तर उजाला ब्यूरो



देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तराखण्ड राज्य में 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान संपादित किया जा रहा है। राज्य में 12 नवंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है।

डा.विजय कुमार जोगदंडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में उत्तराखण्ड में कुल 7278035 मतदाता शामिल किए गए हैं। जिसमें 34,84,447 महिला, 37,93,373 पुरुष मतदाता एवं 215 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसके अतरिक्त प्रदेश में सर्विस मतदाताओं की संख्या 86,028 है। जिसमें 83,352 पुरुष एवं 2,676 महिला शामिल हैं। वर्तमान में मतदान केंद्रों के पुनर्गठन के बाद प्रदेश में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 12498 हो गई है।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में प्रदेश में 4 से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान संपादित किया गया। इस अभियान में 125216 मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए गए जबकि 6130 मतदाताओं के फार्म 7 प्राप्त होने पर विधिवत निस्तारित किए गए। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य की ड्राफ्ट मतदाता सूची को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट www.voter.eci.gov.in एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की वेबसाईट www.ceo.uk.gov.in पर ऑनलाइन विजिट कर देखा जा सकता है। इसके साथ ही डीईओ / ईआरओ कार्यालय एव बीएलओ के माध्यम से भी सूची को देखा जा सकता है। ड्राफ्ट मतदाता सूची की प्रति मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को साफ्ट कॉपी उपलब्ध करायी गई है। जनपद स्तर पर मतदाता सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जा रही है।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद ऐसे व्यक्ति जो 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं या किन्ही कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हैं वे 11 दिसंबर 2026 तक फार्म 6 भरकर अपने बीएलओ के माध्यम से ऑफलाइन मोड में आवेदन कर सकते इसके साथ ही ईसीआई नेट ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन फार्म 6 भरकर आवेदन किया जा सकता है। उत्तराखण्ड राज्य में हाल में ही संम्पादित विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 के तहत 3 अक्टूबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था जिसमें 7158949 मतदाताओं में (3421036 महिला, 3737701 पुरुष, 212 थर्ड जेंडर मतदाता) शामिल थे। आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के कार्यक्रमानुसार 12 नवंबर 2026 से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही 28 दिसंबर 2026 तक दावे-आपत्तियों की सुनवाई भी की जाएगी। 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास भी अम्पस्थित रहे। उत्तराखण्ड में 12 नवंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दलों को ड्राफ्ट मतदाता सूची की साफ्ट कॉपी सौंपी गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2027 में सभी राजनैतिक दलों से सहयोग की अपील की। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. विजय कुमार जोगदण्डे, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी,सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस,बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं सीपीआई (एम) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उत्तराखंड की योजनाओं से रूबरू हुआ नवी मुंबई सहकारी बैंक प्रबंधन

किसानों को ब्याजमुक्त ऋण, स्वयं सहायता समूहों का सशक्तिकरण और मिलेट्स मिशन पर बैंक अध्यक्ष एवं निदेशकों के साथ विस्तृत चर्चा

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड के सहकारिता मंत्री डा.धन सिंह रावत ने नवी मुंबई कोऑपरेटिव बैंक का भ्रमण एवं निरीक्षण कर बैंक की कार्यप्रणाली, वित्तीय गतिविधियों और सहकारी बैंकिंग व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने बैंक के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त निदेशक मंडल के साथ बैठक कर उत्तराखंड में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नवाचारों एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी साझा की।

बैंक पहुंचने पर अध्यक्ष बजरंग रामचंद्र सावंत एवं उपाध्यक्ष कृष्णकांत रामचंद्र शिंदे ने कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके उपरांत बैंक के अध्यक्ष बजरंग रामचंद्र सावंत ने बैंक की कार्यप्रणाली, वित्तीय गतिविधियों, उपलब्धियों एवं सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण मंत्री के समक्ष रखा। बैठक के दौरान सहकारिता मंत्री डा. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड में सहकारिता के माध्यम से किसानों, महिलाओं एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रदेश में दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अंतर्गत किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर 3 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने प्रदेश में संचालित मिलेट्स मिशन की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से पारंपरिक मोटे अनाजों के उत्पादन, खरीद एवं विपणन को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे पर्वतीय किसानों की आय में वृद्धि के साथ स्थानीय कृषि उत्पादों को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने सामूहिक सहकारी खेती योजना की जानकारी साझा करते हुए बताया कि उत्तराखंड में महिला स्वयं सहायता समूहों एवं सहकारी समूहों के माध्यम से पहाड़ों की अनुपयोगी एवं बंजर पड़ी भूमि का सदुपयोग किया जा रहा है। इन समूहों द्वारा सामूहिक रूप से सब्जियों, फल-फूलों एवं अन्य कृषि उत्पादों की खेती कर ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाने के साथ महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

डा. रावत ने सहकारी समितियों के डिजिटलीकरण, पैक्स के कंप्यूटरीकरण, बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के विस्तार तथा सहकारी संस्थाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार का केंद्र बनाने की दिशा में उत्तराखंड सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से भी बैंक प्रबंधन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देशभर में %सहकारिता से समृद्धि% के संकल्प को साकार करने के लिए सहकारिता क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन किए जा रहे हैं। उत्तराखंड सरकार भी सहकारिता को किसानों की समृद्धि, महिलाओं के सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार का मजबूत आधार बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। रावत ने कहा कि सहकारी संस्थाएं केवल वित्तीय लेन-देन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक आर्थिक अवसर और विकास की पहुंच सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम हैं। विभिन्न राज्यों की सहकारी बैंकिंग व्यवस्थाओं के अनुभवों का आदान-प्रदान सहकारिता क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

एलिवेटेड रोड से 64 भवन हो रहे प्रभावित, आंदोलन जारी

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। अजबपुर- मोहकमपुर एलिवेटेड रोड के प्रस्तावित मार्ग को लेकर प्रभावित परिवारों का विरोध लगातार जारी है। आवासीय कॉलोनियों के बीच से एलिवेटेड रोड निकालने के प्रस्ताव के विरोध में प्रभावित लोग पिछले 31 दिनों से विधानसभा के सामने धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। संघर्ष समिति का दावा है कि प्रस्तावित मार्ग की जद में 179 मकान और व्यक्तिगत भूखंड आ रहे हैं। समिति ने मांग की है कि अजबपुर से मोहकमपुर के बीच एलिवेटेड रोड को आबादी के बीच से निकालने के बजाय रिस्पना पुल और जोगीवाला होते हुए मौजूदा सड़क के ऊपर बनाया जाए।

समिति सदस्यों ने प्रेसवार्ता में बताया कि 19 सितंबर 2026 को एनएचएआई की ओर से बिना पूर्व सूचना के घरों पर निशान लगाए गए थे। इसके विरोध में प्रभावित लोगों ने 24 सितंबर को भूमि अध्याप्ति अधिकारी (एसएलओ) के समक्ष लिखित आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद 23 अक्टूबर को एसएलओ ने प्रभावित परिवारों को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया। समिति के सदस्यों ने वहां मौखिक और लिखित रूप से अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए स्पष्ट किया कि वे अपने मकान और जमीन एलिवेटेड रोड के लिए नहीं देंगे। समिति का कहना है कि आशारोड़ी से मोहकमपुर तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड की लंबाई करीब 13 किलोमीटर है। इसमें लगभग 11 किलोमीटर हिस्सा मौजूदा सड़क के ऊपर आशारोड़ी से अजबपुर स्थित सॉलिटेयर होटल तक प्रस्तावित है। ऐसे में शेष दो किलोमीटर के हिस्से को भी रिस्पना पुल और जोगीवाला होते हुए मौजूदा सड़क के ऊपर बनाया जा सकता है। समिति का सवाल है कि जब अधिकांश एलिवेटेड रोड मौजूदा सड़क के ऊपर बन सकती हैं तो आबादी वाले हिस्से में नया मार्ग निकालने की जरूरत क्यों पड़ रही है। संघर्ष समिति के अनुसार विगत 24 अक्टूबर को एडीएम (प्रशासन) और एनएचएआई के साथ हुई बैठक में अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया था कि अजबपुर से मोहकमपुर के बीच दीपनगर, शाहनगर, फ्रेंड्स एन्क्लेव, पूजावाला, बद्रीपुर, रूपनगर और माजरी समेत अन्य क्षेत्रों में कुल 64 इमारतें प्रभावित होंगी। समिति ने इस आंकड़े को गलत बताते हुए कहा कि उसके सदस्यों ने मौके पर जाकर प्रभावित भवनों की गिनती की है।

नि:शुल्क कोचिंग योजना में वार्षिक आय सीमा चार गुना बढ़ी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित नि:शुल्क कोचिंग योजना में प्रशिक्षणार्थियों की पात्रता हेतु निर्धारित पारिवारिक वार्षिक आय सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 8 लाख कर दिया गया है। समाज कल्याण विभाग के सचिव द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, पूर्व में इस योजना के अंतर्गत उन्हीं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं को पात्र माना जाता था, जिनके परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख से अधिक नहीं थी।

राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करें युवा: राज्यपाल

लोक भवन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ आयोजित हुआ 'युवा संवाद' कार्यक्रम

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। राज्यपाल डा. ढाल सिंह बिसेन ने शुक्रवार को लोक भवन प्रेक्षागृह में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि आपकी जिज्ञासाओं में ज्ञान की ललक, भविष्य के प्रति आशाएँ तथा समाज और राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का दृढ़ संकल्प स्पष्ट दिखाई देता है। यही हमारी अमृत पीढ़ी की सबसे बड़ी शक्ति है।

युवाओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय चेतना का मूल मंत्र है-राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। राष्ट्र प्रथम का अर्थ अपने परिवार और व्यक्तिगत दायित्वों की उपेक्षा करना नहीं, बल्कि अपने प्रत्येक प्रयास और उपलब्धि को राष्ट्रहित से जोड़ना है। विद्यार्थी का निष्ठापूर्वक अध्ययन, वैज्ञानिक का अनुसंधान, सैनिक द्वारा सीमाओं की रक्षा करना, चिकित्सक की सेवा और उद्यमी का रोजगार-सृजन- ये सभी राष्ट्रसेवा के ही स्वरूप हैं। सत्यनिष्ठा, अनुशासन, परिश्रम, विनम्रता, संवेदनशीलता और आत्मसंयम ऐसे गुण हैं, जो व्यक्ति को वास्तविक अर्थों में श्रेष्ठ बनाते हैं। राज्यपाल ने युवाओं को नागरिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी सम्मान और उसके संरक्षण का भाव रखने का आह्वान किया। सार्वजनिक संपत्ति और सुविधाएँ हमारी सामूहिक धरोहर हैं। इनकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। इसी प्रकार स्वच्छता को किसी अभियान तक सीमित न रखकर अपनी दैनिक जीवनशैली का संस्कार बनाना चाहिए। राज्यपाल ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए युवाओं का स्वस्थ, संयमित और ऊर्जावान होना आवश्यक है। अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को नशे से दूर रखिए तथा अपनी जीवनशक्ति को सकारात्मक कार्यों में लगाइए। योग, खेल, व्यायाम, ध्यान, साहित्य और सकारात्मक संगति को जीवन का हिस्सा बनाइए। आपका शरीर और प्रतिभा राष्ट्र की अमानत हैं।

राज्यपाल ने कहा कि आधुनिकता और तकनीक की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं के लिए अवसरों का निरन्तर विस्तार किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, कौशल भारत, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, खेलो इंडिया और मेरा युवा भारत जैसे प्रयास शिक्षा, कौशल, नवाचार, उद्यमिता और नेतृत्व के नए द्वार खोल रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत-2047 केवल एक राष्ट्रीय लक्ष्य नहीं, बल्कि आज की अमृत पीढ़ी के पुरुषार्थ, प्रतिभा और संकल्प का ऐतिहासिक दायित्व है। इस संकल्प की सिद्धि में हमारे युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। आप जीवन में बड़े सपने देखिए, अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखिए और उन्हें साकार करने के लिए पूरे मनोयोग से परिश्रम कीजिए। असफलताओं से निराश होने के बजाय उनसे सीखिए और प्रतिदिन स्वयं को बेहतर बनाइए। उन्होंने कहा कि आपकी सफलता उत्तराखण्ड की सफलता बने, आपके स्वप्नों में भारत का भविष्य दिखाई दे, आपकी उपलब्धियों में भारत का गौरव झलके और आपके प्रत्येक कर्म में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव प्रतिबिंबित हो। कार्यक्रम में सचिव रविनाथ रामन, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा.शिवेंद्र कुमार कश्यप ने अपने विचार व्यक्त किए।

सूचना

सूचित किया जाता है कि ऊर्जा ऑफिसर्स, सुपरवाइजर्स एंड स्टाफ एसोसिएशन सोसायटी पता-चंद्रबनी रोड,सेवला कला खुर्द, नियर उत्तरांचल बायो मेडिकल कॉलेज देहरादून के नवीनीकरण हेतु आवेदन किया गया है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति उप निबन्धक, फर्मस सोसाइटी एंव चिट्स, प्रथम तल, एकीकृत भवन, नियर आर बी आई, आई टी पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून के कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं ।

दिनेश चन्द्र गुरुरानी, अध्यक्ष

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि. विद्युत वितरण खण्ड, सितारगंज

विद्युत वितरण खण्ड सितारगंज के अन्तर्गत सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत बिलों को जमा करने, नये संयोजन निर्गत करना, त्रुटिपूर्ण बिलों को सही कराना, मीटर की शिकायतों के निवारण हेतु निम्न तिथियों को शिविरों का आयोजन किया जायेगा शिविर के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु उपभोक्ता उल्लिखित क्षेत्रों के सम्मुख सम्बन्धित प्रतिभागी अधिकारी से दूरभाष पर भी सम्पर्क कर सकते है।

अतः सभी सम्मनित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर अपनी समस्याओं का निवारण कर शिविर का लाभ उठायें एवं समय पर अपना विद्युत बिल जमा कर विच्छेदन की कार्यवाही से बचें।

दिनॉक	उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम सितारगंज (9412091264) अवर अभियन्ता सितारगंज (9412091273),बरा (9411108018) एवं चीनीमिल(9058055999)	उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय (9411108050,7579473742) अवर अभियन्ता चोरगलिया – 8279662502, जेलकैम्प (9411108060) व सिडकुल (7533891028) – व नानकमता (9411108298)
14-11-26	शहदौरा,खुनसरा	उकरौली,देवनगर
15-11-26	फिरोजपुर,डियोढार	बिडौरा मझोला,थारूतिसौर,काण्डवांस मार्केट
16-11-26	गउघाट,सिसैया	बिचवा,थारूतिसौर ,शक्तिफार्म मार्केट
17-11-26	नजीमाबाद,चिन्तीमझरा टाउन	बमनपुरी,बैकुण्डपुर
18-11-26	सुर्यनगर,बिज्टी	खमरिया,कल्यानपुर,राजनगर
19-11-26	गौरीखेड़ा, नकटपुरा	सिसौना,गोविन्दनगर
20-11-26	बबरपुर,मलपुरी	मोहम्मदपुर भुडिया,नकुलिया ,पडागांव
21-11-26	माता फार्म,नयागांव	कैलाशपुरी,
22-11-26	हसनपुर,पण्डरी	पचपेडा,जयन्त नगर,महेन्द्र नगर
23-11-26	भगवानपुर,गोविन्दपुर	कल्यानपुर ,रूदपुर
24-11-26	शहदौरा,विथाअकवर	नगला,पुर्वी उकरौली,अरविन्द नगर,चोरगलिया मार्केट
25-11-26	बरा,बघौरी	शक्तिफार्म मार्केट
26-11-26	कलकत्ता फार्म,भिटौरा	नानकमत्ता, सुरेन्द्र नगर,टैगोर नगर
27-11-26	गउघाट,कठंगरी	बलखेडा,सिसौना,देवनगर
28-11-26	शहदौरा,सितारगंज टाउन	पिपलिया ,बसगर
29-11-26	बरा,चीनीमिल	जंगल जोगीठेर,निर्मल नगर,बमनपुरी
30-11-26	गउघाट,सैंजनी	राज नगर, सिसईखेडा

उपभोक्ता टोल फ्री नं. 18004190405 एवं 1912 पर भी अपनी शिकायतों को भी दर्ज करा सकते हैं।
''विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org''
राष्ट्रहित में बिजली बचाएं

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, उ.पा.का. लि. सितारगंज

संख्या: 3819 दिनांक: 13.11.2026

इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: ए-1, इण्डस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर-244 713, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)
दूरभाष: +91 5947 269000/269500. फैक्स: +91 5947 275315/269535
ई-मेल: compliance.officer@indiaglycols.com, वेबसाइट: www.indiaglycols.com, सीआईएन: L24111UR1983PLC009097

30 सितम्बर, 2026 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

(रु. करोड़ में, निर्दिष्ट को छोड़कर)

क्र. सं.	विवरण	एकल						समेकित					
		समाप्त तिमाही			समाप्त छमाही		समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही			समाप्त छमाही		समाप्त वर्ष
		30.09.2026 (अलेखापरीक्षित)	30.06.2026 (अलेखापरीक्षित)	30.09.2025 (अलेखापरीक्षित)	30.09.2026 (अलेखापरीक्षित)	30.09.2025 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	30.09.2026 (अलेखापरीक्षित)	30.06.2026 (अलेखापरीक्षित)	30.09.2025 (अलेखापरीक्षित)	30.09.2026 (अलेखापरीक्षित)	30.09.2025 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)
१.	परिचालनों से कुल आय	358.51	355.01	2,412.88	713.52	4,917.31	9,869.71	362.75	357.45	2,414.57	720.20	4,919.09	9,831.56
२.	ब्याज, मूल्यह्रास एवं कर पूर्व लाभ (ईबीडीआईटीए)	39.34	40.21	160.25	79.55	309.51	690.09	39.14	39.86	159.81	79.00	310.85	654.18
३.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/या विशिष्ट मदों से पूर्व)	15.25	16.54	72.49	31.79	142.62	367.53	15.06	16.18	72.05	31.24	143.96	331.62
४.	अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या विशिष्ट मदों के पश्चात)	15.25	16.54	72.49	31.79	142.62	366.70	15.06	16.18	72.05	31.24	143.96	331.62
५.	अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या विशिष्ट मदों के पश्चात)	11.24	12.35	53.94	23.59	106.79	282.33	23.69	32.59	65.06	56.28	138.31	292.76
६.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [(अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल]	11.14	12.24	53.76	23.38	106.42	280.63	23.73	32.52	64.92	56.25	137.74	291.14
७.	इक्विटी शेयर पूंजी	33.51	33.51	30.96	33.51	30.96	33.51	33.51	33.51	30.96	33.51	30.96	33.51
८.	अन्य इक्विटी के रूप में अंकेक्षित तुलनपत्र में दिखाया गया	–	–	–	–	–	2,503.93	–	–	–	–	–	2,899.27
९.	प्रति शेयर अर्जन (रु. 5/- प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नहीं) - मूल एवं तनुकृत (रु. में)	1.68	1.84	8.71	3.52	17.25	44.31	3.53	4.86	10.51	8.40	22.34	45.95

टिप्पणी :

1. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेजों के साथ दाखिल तिमाही/छमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही/छमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.indiaglycols.com) पर उपलब्ध है।

कृते इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड
हस्ता/-
यू. एस. भरतिया
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00063091

स्थान : नोएडा
दिनांक : 13 नवम्बर, 2026

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि. विद्युत वितरण खण्ड- रुद्रपुर प्रथम

निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिष्ठित, आयकर, वस्तु एवं सेवा कर तथा ई.पी.एफ. आदि में पंजीकृत फर्मों, ऐजेन्सियों, ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें पृथक-पृथक निम्नानुसार दो भागों में दिनांक 01.12.2026 को अपरान्ह 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता या मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा अपरान्ह 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जाएगी। निविदा के प्रथम मुहरबन्द भाग में अधोहस्ताक्षरकर्ता के नाम प्रतिभूत धरोहर राशि जो कि निविदा प्रकाशन की तिथि के बाद की निर्गत किसी भी बैंक की एफडीआर/सीडीआर/टीडीआर या राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में हों, विद्युत संबंधित कार्य का अनुभव अभिलेख, विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत (श्रेणी-ए) पंजीकरण प्रमाणपत्र, आयकर, वस्तु एवं सेवा कर पंजीकरण पत्र, आदि होने चाहिए तथा दूसरे मुहरबन्द भाग में दरें एवं अन्य शर्ते होनी चाहिए। कटी-फटी एवं शर्त सहित निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी । निविदा प्रपत्र निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नानुसार निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक (वस्तु एवं सेवा कर सहित) जो अधोहस्ताक्षरकर्ता के पदनाम निर्गत हो जमा करने पर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ दरों की वैधता 10/- के स्टाम्प पेपर पर देनी आवश्यक है । यदि निविदा की तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाये तो निविदा की समस्त कार्यवाही अगले कार्य दिवस में सम्पन्न होगी । अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना करण बताये एक अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार या निरस्त करने का अधिकार पूर्णतया सुरक्षित है।

क्र. सं.	निविदा सं०	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य
1.	43/2026-27	विद्युत वितरण उपखण्ड, रुद्रपुर प्रथम के अधीन 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, सर्किल के विभिन्न क्षेत्रों (रम्पुरा व भूतबंगला) में ए0बी0केबिल डालने का कार्य।	रू. 42000.00	रू. 1180.00
2	44/2026-27	विद्युत वितरण उपखण्ड, रुद्रपुर प्रथम के अधीन 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, सर्किल के विभिन्न क्षेत्रों (शास्त्री नगर क्षेत्र) में ए0बी0केबिल डालने का कार्य।	रू. 42000.00	रू. 1180.00
3	45/2026-27	विद्युत वितरण उपखण्ड, रुद्रपुर प्रथम के अधीन 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, सर्किल के विभिन्न क्षेत्रों (खेड़ा व राजा कालोनी) में ए0बी0केबिल डालने का कार्य।	रू. 42000.00	रू. 1180.00
4	46/2026-27	विद्युत वितरण उपखण्ड, रुद्रपुर प्रथम के अधीन 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र, सर्किल के विभिन्न क्षेत्रों (संजयनगर व दरियानगर) में ए0बी0केबिल डालने का कार्य।	रू. 45000.00	रू. 1180.00
5	47/2026-27	विद्युत वितरण उपखण्ड, रुद्रपुर प्रथम के क्षेत्रान्तर्गत रुद्रा वैन्डिंग जोन में विद्युतीकरण का कार्य।	रू. 7000.00	रू. 295.00

अधिशासी अभियन्ता
वि.वि. ख., रुद्रपुर प्रथम

संख्या: 7930 दिनांक: 13.11.2026